Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to build city gas distribution network for supply of CNG and PNG in Bhiwani-Mahendragarh Parliamentary Constituency, Haryana.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): माननीय सभापति महोदय, प्रदूषण एक बहुत ही भयंकर समस्या है । खासकर दिल्ली एनसीआर में इस प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार द्वारा सीएनजी/पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है । जगह-जगह सीएनजी/पीएनजी की लाइनें भी बिछाई जा रही हैं । मेरा संसदीय क्षेत्र भिवानी-महेंद्रगढ़ दिल्ली एनसीआर से मात्र 130 से 140 किलोमीटर की दूरी पर है, लेकिन अभी तक वहाँ सीएनजी/पीएनजी की लाइनें नहीं बिछाई गई हैं । अत: मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि हरियाणा के जिला रेवाड़ी-महेंद्रगढ़-चरखी दादरी-भिवानी-हिसार-सोनीपत-पानीपत-करनाल आदि में भी पीएनजी/सीएनजी लाइनें बिछाई जाएं ताकि उद्योगों व वाहनों को गैस सप्लाई आसानी से हो सके और प्रदूषण पर कुछ हद तक अंकुश लग सके ।